महत्वपूर्ण एवं खास

ग्राम जुर्डा में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर कल

रायगढ़। विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 18 फरवरी 2022 को प्रात: 10 बजे से शाम 04 बजे तक ग्राम जुर्डा के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा के परामर्श के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी काढ़ा का भी वितरण किया जायेगा। कोविड-19 रोग के रोकथाम के उपायों के विषय में शिविर में बताया जायेगा एवं दिनचर्या तथा ऋतुचर्या की जानकारी दी जायेगी। साथ ही वात व्याधि, श्वास, कास, चर्मरोग शिशु एवं बाल रोग, मधुमेह, शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता, पंचकर्म तथा क्षारसूत्र चिकित्सा (बवासीर भगन्दर)सलाह के साथ नि:शुल्क औषधियां दी जायेगी। जनसामान्य को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया गया है।

व्हीटीपी पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत व्ही.टी.पी.पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक साल्यूशन पावर) का नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू होगा। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षणार्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक सूचियों एवं दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति के साथ दो पासपोर्ट फोटो के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए इलेक्ट्रीशियन भागवत शर्मा मोबा.नं.97536-99579 में संपर्क कर सकते है।

सडक़ किनारे खड़े डंपर से तेज रफ्तार बाइक टकराई,दो की मौत,एक गंभीर रूप से घायल

जशपुर (आरएनएस)। जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र में 15 फरवरी की देर रात सडक़ हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रायपुर रेफर किया गया है। हादसे दो अलग-अलग हुए, लेकिन दोनों का कारण एक ही था। दोनों बाइक सवार सडक़ किनारे खड़े डंपर से टकरा गए थे। जानकारी के मुताबिक, एक डंपर का एक्सेल टूट गया था। इसके कारण चालक ने उसे दुलदुला में ही सडक़ किनारे खड़ा कर चला गया था। देर रात नोनियताला निवासी घनश्याम मांझी अपने दोस्त आकाश कुमार के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान डंपर से जा भिड़े। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों उछलकर दूर गिरे। आसपास के लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। इससे पहले कि पुलिस मौके पर पहुंचती, एक अन्य बाइक सवार दानीपारा निवासी युवक डंफर से आ भिड़ा। पुलिस ने तीनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने घनश्याम मांझी और दानीपारा के युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि आकाश को रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक शादी से लौट रहे थे।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के आंसर सीट जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के आंसर सीट जारी हो गए हैं। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in पर जाकर CGPSC State Service Prelims E&am Answer Key 2022 डाउनलोड कर सकते हैं।

ट्रेक्टर चालक को धौंस दिखाकर मोबाइल, रुपए और एक ट्राली रेत की लूटपाट, गिरफ्तार

पहले खुद को चौकी खरसिया का पुलिस स्टाफ बताकर बदमाश ने ट्रेक्टर चालक को किया गुमराह

रायगढ़। दिनांक 16.02.2022 के सुबह ग्राम कुरूभाठा में रहने वाला ओम देव पटेल चौकी खरसिया आकर चौकी प्रभारी को बताया कि आज सुबह करीब 08.00 बजे पुसल्दा रेत खदान से खनिज अभिवहन पास (रायल्टी) लेकर मौहापाली अपने ससुरा एक ट्रेक्टर रेत लेकर जा रहा था जिसे खरसिया के कालेज के सामने एक व्यक्ति रोककर स्वयं को चौकी का पुलिस स्टाफ कहकर रेत से भरी टैक्टर सीजी 13 एपी 2242 को रोका। तब उसे बोला कि "तुम्हारा तो स्टेशन में बड़ा बड़ा फोटो लगा है तुम तो पुलिस नहीं हो "। तब युवक हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देकर ट्रेक्टर में बैठ गया और मोबाईल विवो वाय 19 को छिन कर उसे स्वीच आफ कर रख लिया। उसके बाद टेक्टर सहित अपने घर गंज पीछे सिंधी कालोनी के बगल में निमार्णाधीन मकान के पास ले गया और रेत को जबरन खाली कराकर ओम जेब में रखा 620 रूपये को भी निकाल लिया और बोला कि किसी को इस बारे में बतायेगा तो जान से मार दूंगा। उसके बाद स्टेशन आकर पोस्टर को देखा और नाम पढ़ा तो तरूण ठाकुर लिखा हुआ था तरूण ठाकुर के द्वारा मारपीट कर 620 रूपये पैसे, विवो वाय 19 मोबाईल व रेत लूट लिया है बताया। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा लूट की घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल आरोपी की पतासाजी के लिये अपने स्टाफ के साथ क्षेत्र में रवाना हुये। आरोपी तरूण ठाकुर को पुलिस की घेराबंदी की जानकारी हुई तो बाइक से भाग रहा था रेल्वे ट्रैक फाटक बंद होने पर आरोपी बाइक छोड़ दौड़ते हुये भागने लगा जिसे करीब 1 किमी दौड़ा कर चौकी की टीम पकड़कर चौकी लाया गया जिसे प्रार्थी ओम देव ठाकुर द्वारा दर्ज कराये गये अप.क्र. 62/2022 धारा 392,506,323 भादवि के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी तरूण ठाकर पिता शोभाराम ठाकुर उम्र 40 वर्ष गंज पीछे चौकी खरसिया क्षेत्र का गुण्डा बदमाश है, चौकी प्रभारी आरोपी पर जिला बदर की कार्यवाही का जा रहा है। आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम के साथ आरक्षक कीर्ति सिदार, मुकेश यादव, सत्यनारायण सिदार, बंशी रात्रे की अहम भूमिका रही है।

महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी को कोतरारोड़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

❖ आरोपी युवक ने महिला के घर घुसकर किया था छेड़खानी, गया जेल

रायगढ़। दिनांक 14.02.2022 के दोपहर थाना कोतरारोड़ में महिला द्वारा ग्राम सुर्री थाना पुसौर के टेकराम चौधरी द्वारा घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। पीड़िता बताई थाना प्रभारी को कि शादी से पहले से टेकराम चौधरी को जानती है। दिनांक 13.02.2022 को सास, ससुर मेहमानी में गये थे, घर पर पति के साथ थी। रात्रि करीब 08.30 बजे पति कमरे में अपना काम कर रहे थे, हाल में बैठकर टी.वी. देख रही थी। उसी समय टेकराम चौधरी दरवाजे को धकेल कर घुस गया और हाल में अकेली देखकर बेइज्जती करने के नियत से हाथ बांह को पकडने लगा जिसका विरोध कर शोर मचाने पर पति आये जिसे देखकर टेकराम घर से भाग गया। घटना के संबंध में आरोपी टेकराम पर अप.क्र. 33/2022 धारा 452, 354, 354(क) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी के अन्यत्र फरार हो जाने की सम्भावना पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा हमराह स्टाफ सहायक उप निरीक्षक डी.पी. भारद्वाज, आरक्षक चन्द्रेश पाण्डेय, कामता चौहान, टिकेश्वर यादव, महिला आरक्षक प्रमिला भगत के साथ आरोपी घर दबिश दिया गया और आरोपी टेकराम चौधरी पिता बेणुधर चौधरी उम्र 27 साल निवासी सुर्री थाना पुसौर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिसे दिनांक 15.02.2022 को रिमांड पर भेजा गया है।

मौसम में आया बदलाव: तापमान में हुई बढ़ोतरी, कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की आसार

रायपुर (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त गर्म हवा के प्रभाव से ठंड कम होने लगी है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने का अंदेशा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश के भी आसार हैं। साथ ही आंशिक रूप से बादल भी छाए रहेंगे।

आने वाले कुछ दिन भी मौसम का रुख इस प्रकार ही रहेगा। हवा की दिशा बदलने और गर्म हवा आने के कारण रायपुर सहित प्रदेश भर में मंगलवार को मौसम शुष्क रहा। तापमान में बढ़ोतरी की वजह से ठंड कम हो गई और दोपहर की गर्मी भी बढऩे लगी है। इसकी वजह से पंखे चलने शुरू होने लगे हैं। प्रदेश भर में आंशिक रूप से बादल छाने के कारण अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट रही, लेकिन न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। रायपुर का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान बलरामपुर में 05.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश भर के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी ही दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक मौसम की स्थिति ऐसा ही रहने वाला है।

गोधन न्याय योजना से ग्रामीण महिलाओं को मिला रोजगार

❖ समूह ने विभिन्न गतिविधियों से कमाये 2 लाख 84 हजार रुपये

रायगढ़। घरेलू कार्यो तक सीमित रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब गोधन न्याय योजना के लाभ से घर में आर्थिक सहयोगी की भूमिका निभा रही है। वह गोधन न्याय योजना के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों से अच्छी आय अर्जित कर परिवार की जिम्मेदारी उठा रही है। जिससे परिवार के भरण-पोषण के साथ ही उनके जीवन स्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है।

विकासखंड खरसिया के ग्राम पंचायत लोढ़ाझर में कान्हा महिला स्व-सहायता समूह का संचालन किया जा रहा है। 2018 में बिहान के अंतर्गत इस समूह का निर्माण किया गया था। समूह द्वारा भविष्य को देखते हुए स्वयं एवं समूह के सदस्यों के आर्थिक सहयोग के लिए एक निश्चित राशि समूह के खाते में डालना प्रारंभ किया था। जिससे उस निश्चित राशि का उपयोग कर समूह की आय के लिए रोजगार संबंधी कुछ कार्य किया जा सके। इसी दौरान छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना का प्रारंभ हुआ। योजना के तहत ग्राम पंचायत लोढ़ाझर में गौठान का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। कान्हा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कार्य शुरू किया गया। गौठान निर्माण के तहत सीपीटी, वृक्षारोपण, खुदाई आदि कार्य किया गया। समूह के कार्यो के प्रति लगन से प्रभावित होकर उन्हें गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जिम्मेदारी एवं मार्गदर्शन दिया गया। आज कान्हा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, केंचुआ उत्पादन एवं सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। इससे महिलाओं को रोजगार के साथ आर्थिक लाभ मिला है। महिलाएं स्वावलंबन की ओर अग्रसर होते हुए परिवार की जिम्मेदारी में सहयोग करने लगी है। समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए अन्य समूह को मार्गदर्शन भी प्रदान कर रही है।

कान्हा स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी खाद, केंचुआ तथा सब्जी उत्पाद एवं विक्रय कर अब तक 2 लाख 84 हजार 825 रूपए का लाभ अर्जित कर चुकी है। लाभ अर्जित होने से महिलाओं में गौठान के कार्यो को लेकर उत्साह है एवं महिलाएं अधिक लाभ अर्जित कर समूह को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए भविष्य में वर्मी वाश, जैविक रसायन, गमला निर्माण व अगरबत्ती निर्माण की कार्ययोजना बना रही है।

माघ पूर्णिमा पर स्नान करने राजिम जा रही महिलाओं से भरी चार पहिया वाहन डिवाइडर से टकराई

छह की मौत, तीन महिलाएं एवं ड्राइवर घायल

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के अभनपुर के केंद्री के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन डिवाइडर से टकरा जाने से छह महिलाओं की मौत हो गई। सभी मृतक महिलाएं भिलाई के सुभाष नगर के रहने वाली हैं। माघ पूर्णिमा पर राजिम में पुन्नी मेला में स्नान करने के लिए वाहन से महिलाएं जा रही थी।

बुधवार सुबह सडक़ हादसे में 6 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 महिलाएं और ड्राइवर घायल हो गए हैं। हादसा तेज रफ्तार जाइलो कार के डिवाइडर से टकराने के चलते हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा अभनपुर थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, भिलाई के सुभाष नगर निवासी 9 महिलाएं बुधवार सुबह राजिम के पुन्नी मेले में शामिल होने के लिए जाइलो कार से जा रहे थे। अभी वे रायपुर में अभनपुर के केंद्री के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतरते हुए डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसके शीशे टूट गए। हादसे होते देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद राहत कार्य शुरू हुआ। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो ने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं एक महिला की मौत इलाज के दौरान हो गई है। मृतक महिलाओं में अर्चना मोला, रीना चौधरी, रीना दास, सविता दास, सुचित्रा और काजल शामिल है। अभी तक घायलों और मृतकों के नाम सामने नहीं आ सके हैं। अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, सभी राजिम में पुन्नी मेला में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार दुर्घटना में 5 महिलाओं की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। इस दुर्घटना में घायल ड्राइवर को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

सीआरपीएफ की टीम ने 5 किलो आईईडी बम किया बरामद,मौके पर ही बम को किया डिफ्यूज

जगदलपुर (आरएनएस)। जगदलपुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सीआरपीएफ की टीम ने 5 किलो आईईडी बम बरामद किया है। सीआरपीएफ के जवानों ने बताया कि बटराली से कूएमारी मार्ग के बीच में ही जवानों ने इस आईईडी बम को बरामद किया है। पुलिस ने ये भी बताया कि सुरक्षाबालों को घातक नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेशर कुकर आईईडी बम को लगाया गया था। सीआरपीएफ, बीडीएस, केशकाल पुलिस की संयुक्त टीम ने इस आईईडी बम को बरामद किया है। और मौके पर ही बम को डिफ्यूज भी किया है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को

रायगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12 मार्च 2022 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, श्रम सम्बन्धी मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों के अलावा पानी एवं विद्युत बकाया तथा बैंक रिकव्हरी के प्रीलिटिगेशन वाद राजीनामा हेतु रखे जायेंगे। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।

यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली 12 मार्च 2022 की लोक अदालत में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-299190 एवं ईमेल dlsa.raigarh@gmail.com में संपर्क कर सकते है।

नक्सलियों ने अपहृत इंजीनियर व राज मिस्त्री को किया रिहा

बीजापुर (आरएनएस)। नक्सलियों ने अपहृत इंजीनियर अशोक पवार व राज मिस्त्री आनंद यादव को पांच दिन के बाद मंगलवार की रात करीब 09 बजे निर्माणाधीन पुल के पास रिहा कर दिया। नक्सलियों ने उन्हे हिदायत दी कि अब वे बेदरे पुलिया व सडक निर्माण समेत अन्य काम नहीं करेंगे। इधर नक्सलियों के चंगुल से छुड़ाने के लिए इंजीनियर की पत्नी सोनाली पवार अपने बच्चों और राजमिस्त्री का भाई राम प्रसाद यादव जंगल में मंगलवार को भी ढूंढते रहे। उनकी यह तलाश देर रात तक चलती रही, जैसे ही नक्सलियों ने दोनो को रिहा किया। इसके बाद परिवार बेदरे कैंप पहुंचा और अपनों को सुरक्षित देखकर राहत की सांस ली।

रिहाई के बाद इंजीनियर और राजमिस्त्री को स्वास्थ्य कारणों का बहाना बनाते हुए पुलिस ने पत्रकारों को मिलने नही दिया, इस घटना के बाद से निजी कम्पनी के सभी कर्मचारी काफी दहशत में हैं, अब वे वहां काम नही करना चाह रहे है। साथी सभी कर्मचारी अपने साथियों की रिहाई का इंतजार कर रहे थे, साथियों की सकुशल रिहाई के बाद सभी अपने-अपने घर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी

❖ देवालय दर्शन और घाटों में स्नान का सिलसिला शुरू

❖ राजिम माघी पुन्नी मेला आज से प्रारंभ

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज के रूप में प्रसिद्ध राजिम में माघी पुन्नी मेला आज से प्रारंभ हो गया है। श्रद्धालुजनों का सुबह से ही देवालय दर्शन और घाटों में स्नान का सिलसिला शुरू हो गया है। मान्यता के अनुसार माघ पुन्नी के अवसर पर पुन्नी स्नान का विशेष महत्व है, इसलिए सोढुर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के स्नान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

राजिम के मेला स्थल पर राज्य शासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। संगम स्थल पर बनाए गए एनीकट में पानी की व्यवस्था सहित संत निवास, आवागमन की सुविधा, पूरे मेला क्षेत्र की साफ सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्था की गई। 14 दिन तक चलने वाले इस मेले में यहां प्रतिदिन संतों के द्वारा आशीष वचन भी दिए जाएंगे। पूरे मेले स्थल में कानून व्यवस्था के लिए पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष बसों का संचालन भी किया जा रहा है। मेला स्थल पर व्यवस्थित रूप से दुकानों के लिए स्थल आबंटित किए गए हैं। मेला स्थल पर पेयजल, शौचालय और पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। मुख्य मंदिर के पास भव्य और आकर्षक मंच बनाया गया है, जहां स्थानीय लोककलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मंदिर परिसर सहित पूरे मेला क्षेत्र की आकर्षक सजावट की गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप माघी पुन्नी मेले के दौरान राजिम और आसपास के क्षेत्रों में मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है।

मेला स्थल के समीप नदी पर बनाए गए लक्ष्मण झूला आवागमन के लिए वन-वे होगा। मेला स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। त्रिवेणी संगम स्थल पर महाआरती के आयोजन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सिंचाई विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के स्नान के लिए विशेष स्नान कुण्ड भी तैयार किए गए हैं। इसी प्रकार मेले में वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। नई सरकार द्वारा मेला क्षेत्र को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए 54 एकड़ भूमि आबंटित की गई है, जहां मेला स्थल को व्यवस्थित करने के साथ ही धर्मशाला और अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण किया जा रहा है। मेला स्थल की व्यवस्था के लिए रायपुर, गरियाबंद और धमतरी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480